भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 154**
10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

**विषयः- प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण**
***154. श्री कालिपद सरेन खेरवालः**
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण का राज्य-वार ब्यौरा (रुपये में) क्या है;
(ख) 1 फरवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार प्रति कृषक परिवार पर बकाया ऋण के राष्ट्रीय औसत का ब्यौरा क्या है; और
(ग) आज की तिथि के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड पर कितनी राशि (रुपये में) बकाया है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**"प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण" के संदर्भ में लोकसभा में 10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 154 के भाग (क) से (ग) के संबंध में उल्लिखित विवरण।**

(क) एवं (ख): देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण की औसत धनराशि का अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित "कृषक परिवारों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस)" के माध्यम से लगाया गया है, जो सर्वेक्षण के 77वें दौरे (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के दौरान किया गया था। नवीनतम स्थिति आकलन सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई, 2018 - जून, 2019 के दौरान कृषि वर्ष राज्य/केंद्र शासित प्रदेश वार प्रति कृषक परिवार के बकाया ऋण की औसत राशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। कृषक परिवारों से संबंधित पिछला सर्वेक्षण वर्ष 2019 में किया गया था, अतः 1 फरवरी 2026 तक, प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण की राशि का विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ग): दिनांक 30.09.2025 की स्थिति के अनुसार, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के अंतर्गत बकाया धनराशि ₹10.39 लाख करोड़ है।

**अनुबंध**

**"प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण" के संदर्भ में लोकसभा में 10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 154 के भाग (क) से (ग) के संबंध में संदर्भित अनुबंध।**

| **क्रम सं.** | **राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह /केंद्र शासित प्रदेशों का समूह** | **प्रति कृषक परिवार बकाया ऋण की औसत राशि (रुपये में)** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2,45,554 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 3,581 |
| 3 | असम | 16,407 |
| 4 | बिहार | 23,534 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 21,443 |
| 6 | गुजरात | 56,568 |
| 7 | हरियाणा | 1,82,922 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 85,825 |
| 9 | जम्मू-कश्मीर | 30,435 |
| 10 | झारखंड | 8,415 |
| 11 | कर्नाटक | 1,26,240 |
| 12 | केरल | 2,42,482 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 74,420 |
| 14 | महाराष्ट्र | 82,085 |
| 15 | मणिपुर | 5,551 |
| 16 | मेघालय | 2,237 |
| 17 | मिजोरम | 23,485 |
| 18 | नागालैंड | 1,750 |
| 19 | ओडिशा | 32,721 |
| 20 | पंजाब | 2,03,249 |
| 21 | राजस्थान | 1,13,865 |
| 22 | सिक्किम | 32,185 |
| 23 | तमिलनाडु | 1,06,553 |
| 24 | तेलंगाना | 1,52,113 |
| 25 | त्रिपुरा | 23,944 |
| 26 | उत्तराखंड | 48,338 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 51,107 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 26,452 |
|  | **पूर्वोत्तर राज्यों का समूह** | **10,034** |
|  | **केंद्र शासित प्रदेशों *का समूह*** | **25,629** |
|  | ***अखिल भारत*** | **74,121** |

*स्रोत: राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वेक्षण (एनएसएस) रिपोर्ट सं.* 587: *ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों और उनके भूमि एवं पशुधन स्वामित्व का स्थिति आकलन*, 2019

*****